**भारत सरकार**

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3579**

**सोमवार, 15 जुलाई, 2019 / 24 आषाढ़ 1941 (शक)**

**असंगठित क्षेत्र**

**3579. श्री सुनील कुमार पिंटू:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का मनरेगा श्रमिकों, पथ विक्रेताओं आदि जैसे असंगठित क्षेत्रों में संलिप्त मजदूरों को अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा योजना के साथ अनिवार्य रूप से जोड़ने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) से (ग): अटल पेंशन योजना 18-40 आयु वर्ग के सभी भारत के नागरिकों के लिए खुली है। परिणामस्वरूप मनरेगा कामगार, रेहड़ी वाले आदि जो भारत के नागरिक हैं और 18-40 आयु वर्ग के हैं, वे अटल पेंशन योजना में शामिल होने के लिए पात्र है।

*****